SAVE SAL TREE SAVE JHARKHAND

# कार्यालय, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गिरिडीह पूर्वी वन प्रमण्डल।

मोहनपुर, पोस्ट–पचम्बा, जिला–गिरिडीह, पीन कोड–815316

email-dfogiridiheast@jharkhandmail.gov.in, Phone No.-06532-222127

पत्रांक– दिनांक–

सेवा में,

जिला खनन पदाधिकारी (नाम से),
गिरिडीह।

विषय – पहाड़पुर स्टोन माइन्स एण्ड प्रा0 क्रशर लि0 के पक्ष में 4.856 हे0 वन भूमि अपयोजन हेतु समर्पित प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंग – (1) भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय (पूर्व मध्य क्षेत्र) का पत्रांक– FP/JH/MIN/24815/2017/3652 दिनांक– 10.12.2019
(2)इस कार्यालय का पत्रांक–3335 दिनांक–21.12.2019 ,पत्रांक–749 दि0–18.03.2020, पत्रांक–1224 दिनांक–11.07.2020, पत्रांक–529 दिनांक–05.03.2021 एवं पत्रांक 1167 दिनांक 11.06.2021

महाशय
,

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंग में सूचित करना है कि विषयक प्रस्ताव में भारत सरकार द्वारा की गई पृच्छा से संबंधित पत्र की छाया प्रति भेजते हुए पत्र में उल्लेखित बिन्दु– i एवं ii पर वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया था। परन्तु अबतक आपके द्वारा वांछित सूचना इस कार्यालय को उपलब्ध नहीं कराई गयी है।

अतः पुनः अनुरोध है कि वांछित सूचना अविलम्ब इस कार्यालय को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय। ताकि भारत सरकार द्वारा की गई पृच्छा का प्रतिउत्तर भेजा जा सके। इस संबंध में राज्य सरकार एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक –सह– कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची से बार–बार स्मार पत्र प्राप्त हो रहा है।

आपका विश्वासी,
ह0/–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गिरिडीह पूर्वी वन प्रमण्डल।

ज्ञापांक– 1955 दिनांक– 10/06/22

प्रतिलिपि– जय बाबा पातालपुरी स्टोन माइन्स एण्ड क्रशर प्रा0 लि0, निदेशक, श्रीमती रेखा देवी, प्रति– श्री रविशंकर प्रसाद, पुरानी बाजार, नवादा, जिला– नवादा (बिहार) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। विषयक परियोजना के पार्ट–I के Breakup of land use में 4.856 हे0 में से 1.584 हे0 वन भूमि को unused अंकित किया गया है। यदि इस वन भूमि की कोई आवश्यकता नहीं है तो इसके अपयोजन के लिए प्रस्ताव समर्पित करने क्या औचित्य है। इस बिन्दु को स्पष्ट करते हुए पार्ट–I की हस्ताक्षरित प्रति ऑनलाईन एवं ऑफलाईन आठ प्रतियों में इस कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें।

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गिरिडीह पूर्वी वन प्रमण्डल।
10/6/22

F:\Zila Khanan Paharpur.doc

Scanned with OKEN Scanner